प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 28.11.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने लखनऊ में 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी के समापन समारोह में कहा–सशक्त युवा ही करेंगे विकसित भारत का निर्माण।
2. प्रदेश सरकार ने आधार कार्ड को जन्म तिथि के प्रमाण के रूप में स्वीकार न करने का दिया निर्देश : विभागों से कहा– सरकारी प्रक्रिया में जन्म प्रमाणपत्र या हाईस्कूल का मार्कशीट को ही दें मान्यता।
3. सहारनपुर में डंपर और कार की टक्कर में 7 लोगों की मौत : मिर्ज़ापुर में भी सड़क हादसे में 4 लोगों ने गंवाई जान।
4. सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल सुपर 300 बैडमिंटन चंपियनशिप में भारतीय खिलाड़ी उन्नति हुड्डा और तन्वी शर्मा ने बनाई सेमीफाइनल में जगह : मिश्रित युगल वर्ग में तृषा जॉली और हरिहरन भी अगले दौर में पहुंचे।

——————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि आज भारत अपनी विकास यात्रा के महत्वपूर्ण पड़ाव पर है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। राष्ट्रपति ने लखनऊ में आयोजित भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के 19वीं राष्ट्रीय

जम्बूरी के समापन समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। बाइट.....

*आज भारत अपनी विकास यात्रा के महत्वपूर्ण पड़ाव पर खड़ा है। वर्ष 2047 को विकसित भारत का लक्ष्य हमारे सामने है। यह सभी तभी संभव है जब हमारे 65: जनसंख्या जो 35 वर्ष से कम उम्र की है दृढ़ता से इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रयास करें। युवाओं को उचित मंच प्रदान करने के लिए सरकार अनेक प्रयास कर रही है, जिसमें मेरा जुगा जैसा पहल महत्वपूर्ण है।*

राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय स्काउट एंड गाइड्स का सेवा भाव उसकी खासियत है। उन्होंने कहा कि विभिन्न परिवेश के युवा एक साथ इकट्ठा होते हैं तो राष्ट्रीय एकता की भावना को बल मिलता है। बाइट.....

*सबसे बड़ी विशेषता है सेवा का भाव चाहे बाढ़ आए हो, भूकंप आया हो या कोई महामारी फैले हो, स्काउट्स एंड गाइज हमें सहायता के लिए सबसे आगे खड़े दिखाई देते हैं। इस संगठन की एक और विशेषता है राष्ट्रीय एकता की भावना को बढ़ावा दिया है। अलग–अलग राज्यों, भाषाओं और संस्कृतियों से आने वाले युवा जो एक साथ प्रशिक्षण लेते हैं, साथ कार्य काटते हैं, तो उनमें आपसी सम्मान, भाईचारा और टीमवर्क की भावना मजबूत होती है।*

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह गौरव की बात है कि लखनऊ को 61 वर्षों बाद 19वीं राष्ट्रीय जंबूरी के एतिहासिक आयोजन का मौका मिला है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन न एक नई ऊर्जा का संचार किया है। बाइट.....

*जमुहरी का थीम भी आदरणीय प्रधानमंत्री जी के भी जन केंद्र रूप विकसित भारत विकसित युवा रहा है और मुझे प्रसन्नता है पिछले 5 दिनों से लगातार हर एक जवान पर जमुहरी के कार्यक्रम जमुहरी का अनुशासन जमुहरी का आत्मसंयम ने एक नई ऊर्जा का संचार किया है।*

**इससे पहले राष्ट्रपति ने लखनऊ में ब्रह्मकुमारीज की 2025–26 के वार्षिक विषय, 'विश्व एकता और विश्वास के लिए ध्यान' कार्यक्रम के शुभारंभ समारोह में भी शिरकत की।**

——————————

**प्रदेश सरकार ने सभी विभागों को निर्देश जारी कर कहा है कि आधार कार्ड अब जन्म तिथि के प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा। नियोजन विभाग के विशेष सचिव अमित सिंह बंसल ने भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के पत्र का हवाला देते हुए कहा कि आधार कार्ड में जन्म तिथि का कोई प्रमाणित दस्तावेज नहीं लगाया जाता, इसलिए इसे जन्म तिथि प्रमाण के रूप में मान्यता नहीं दी जा सकती है। सरकार ने सख्त निर्देश दिए हैं कि किसी भी सरकारी प्रक्रिया में नियुक्ति, प्रमोशन, सेवा रजिस्टर संशोधन या अन्य संवेदनशील दस्तावेजों में जन्म प्रमाण पत्र, हाईस्कूल मार्कशीट, नगर निकाय या स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी प्रमाणपत्र जैसे दस्तावेजों को ही मान्यता दी जाए।**

——————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार सुबह 11बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम की 128वीं कड़ी में देश–विदेश के लोगों केसाथ अपने विचार साझा करेंगे। कार्यक्रम को पूरे आकाशवाणी और दूरदर्शन नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलां पर भी किया जाएगा। आकाशवाणी से हिंदी में प्रसारण के बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा।

—————————

प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने आज हॉर्टिकल्चर एक्सपोर्ट प्रमोशन बोर्ड की बैठक में शिरकत की। इस बैठक में कई देशों से आए डेलिगेट्स शामिल हुए। श्री सिंह ने बताया कि बैठक में किसानों की उपज को वैश्विक बाज़ार तक पहुंचाने और किसानों का आय बढ़ाने को लेकर चर्चा हुई।

—————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

**ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।**

———————

**प्रदेशभर में तेजी से विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआइआर अभियान चल रहा है जिसमें बीएलओ घर घर जाकर गणना प्रपत्र देकर मतदाता सूची का सत्यापन कर रहे है मतदाताओं को फॉर्म में कौन–कौन सी जानकारी भरनी होती है इस पर पेश है एक रिपोर्ट.....**

*विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर के तहत बीएलओ द्वारा घर आकर फॉर्म दिए जाने पर मतदाताओं से मांगी जाने वाली जानकारी के बारे में बताते हुए प्रदेश के मुख्यनिर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि मतदाताओं से गणना प्रपत्र भरने के पहले चरण में जन्मतिथि, आधार, मोबाइल नंबर व अभिभावक की जानकारी मांगी जाती है साथ ही फार्म भरते समय एक नवीनतम फोटो भी लगाना होता है बाइट.....*

*पहली चीज तो ध्यान में रखना है कि अपना नवीनतम पासपोर्ट साइज साफ फोटोग्राफ देना है। इसके अलावा अपना जन्मतिथि, अपना मोबाइल नंबर, अपना आधार नंबर, आधार नंबर वैकल्पिक है। देना है तो दे सकते हैं। अपने पिता या अभिभावक का नाम, अपनी माता का नाम, अगर व्यक्ति शादीशुदा है तो अपने पति या पत्नी का नाम, इनके एपिक नंबर पता है तो वह दे सकते हैं लेकिन यह सारे तब है अगर उपलब्ध हो।*

*मुख्य निर्वाचन अधिकारी गणना प्रपत्र भरने के अगले चरण में 2003 की मतदाता सूची में अपनी डिटेल्स भरने के लिए voters.eci.gov.in का प्रयोग करते हुए परिवार की जानकारी ढूंढकर भरा जा सकता है । जिन मतदाता*

*का नाम 2003 की लिस्ट में था उन्हें बाएं तरफ के कॉलम में भरना होगा जिनका नाम 2003 की सूची में नहीं था उन्हें दाएं तरफ के कॉलम में अभिभावकों की जानकारी भरना होगा मुख्य निर्वाचक अधिकारी ने बताया कि किन्ही कारणों से अगर येजानकारी नहीं मिलती है तो भी हस्ताक्षर करके ये फार्म जमा करना होगा। बाइट......*

*अपने माता या पिता की डिटेल्स ढूंढ कर डालनी है। उनकी डिटेल्स अवेलेबल ना हो तो उनके माता–पिता यानी दादा–दादी या नाना–नानी में से किसी एक की डिटेल्स डाल सकते हैं। 2003 की वोटर लिस्ट में यह डिटेल्स नहीं मिलती है घूमने पर भी तो भी साक्षर करके अगर बीएलओ को दे देगा तो 9 दिसंबर को उसका नाम ड्राफ्ट पोर्टल इसमें आ जाए।*

*मुख्य निर्वाचन अधिकारी मतदाता फार्म भरने की यह प्रक्रिया चुनाव आयोग के ऑनलाइन पोर्टल और वोटर हेल्पलाइन ऐप सेभी पूरी की जा सकती है।*

————————

**56वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्मोत्सव–इफ्फी का आज गोवा की राजधानी पणजी में एक भव्य समापन समारोह के साथ समापन हो रहा है। इस समारोह में गोवा के मुख्य मंत्री प्रमोद सावंत; सूचना और प्रसारण सचिव,संजय जाजू; और समारोह के अध्यक्ष, शेखर कपूर के साथ अनेक गणमान्य लोग शामिल हो रहे हैं। एक रिपोर्ट.....**

*इफ्फी में प्रदर्शित की जाने वाली अंतिम फिल्म थाई निर्देशक राचापूमबूनबंचचोक की 'ए यूज़फुल घोस्ट' होगी। फिल्म प्रदर्शनी के बाद श्यामा प्रसाद मुखर्जी इनडोर स्टेडियम में एक भव्य समापन समारोह होगा। समापन समारोह में प्रसिद्ध अभिनेता रजनीकांत को उनकी सिनेमा यात्रा के 50 वर्ष पूरे होने पर उन्हें सम्मानित किया जाएगा। इस वर्ष इफ्फी में 81 देशों की 240 से अधिक फिल्में प्रदर्शित की गई है। साथ ही कई*

*कार्यशालएं, वेव्स फिल्म बाजार और इफ्फीस्टा भी आयोजित किए गए जिसने फिल्मों को मनोरंजित किया, उभरते कलाकारों को प्रोत्साहित किया और सिनेमा को एक त्यौहार की तरह मनाया। निखिल और सायरा के साथ आदर्श आकाशवाणी समाचार पणजी।*

——————————

प्रदेश में दो अलग अलग सड़क हादसों में 11 लोगों की मौत हो गई। सहारनपुर में दिल्ली–देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग पर आज तेज रफ्तार डंपर बेकाबू होकर कार पर पलट गया। इस हादसे में कार सवार एक ही परिवार के सात लोगों की मौत हो गई। मिर्ज़ापुर में कछवां थाना क्षेत्र में प्रयागराज से वाराणसी जा रही कार सड़क किनारे खड़े टैंकर से टकरा गई। इसमें 4 लोगों की मौत हो गई।

——————————

सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल वर्ल्ड टूर सुपर 300 बैडमिंटन चंपियनशिप में भारतीय खिलाड़ी उन्नति हुड्डा और तन्वी शर्मा ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए सेमीफाइनल में जगह बना ली। तन्वी ने हांगकांग की सिन यान हैप्पी लो को सीधे सेटों में 21–13, 21–19 से हराते हुए जीत हासिल की। वहीं भारत की उभरती शटलर उन्नति हुड्डा ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। मिश्रित युगल में भारतीय जोड़ी तृषा जॉली और हरिहरन ने भी ऑस्ट्रेलिया की जोड़ी को सीधे सेटों में हराते हुए सेमीफाइनल में जगह बना ली है।

(समाप्त)